# पावरग्रिड

## अपने कौशल को विश्व तक पहुंचाते हुए

- ₹ 17,814 करोड़ का निवेश, पिछले वर्ष किए गए निवेश की तुलना में लगभग 48% की वृद्धि
- लगभग 10,600 सर्किट किलोमीटर की अतिरिक्त उच्च वोल्टेज पारेषण लाइनों, 15 नए ई एच वी सब-स्टेशनों और 30,000 मेगा वोल्ट एम्पीयर (एम वी ए) से अधिक की रूपांतरण क्षमता का आमेलन
- ₹ 14,021 करोड़ मूल्य की परिसंपत्तियों की रिकार्ड कमीशनिंग
- लगभग ₹ 39,225 करोड़ मूल्य की 43 नई पारेषण परियोजनाओं को निवेश अनुमोदन प्रदान किया
- कंपनी के अब तक के इतिहास में अधिकतम 99.94% की पारेषण प्रणाली उपलब्धता प्राप्त की गई
- 5,600 मेगावाट की अंतर-क्षेत्रीय विद्युत अंतरण क्षमता के आमेलन के साथ राष्ट्रीय ग्रिड की अंतर-क्षेत्रीय क्षमता बढ़कर 28,000 मेगावाट हुई




## 23वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष महोदय का संबोधन

प्रिय शेयरधारकगण,

आपकी कंपनी की 23वीं वार्षिक आम बैठक में आप सब का स्वागत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। निदेशक की रिपोर्ट तथा 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के अंतिम लेखे पहले ही आपको उपलब्ध कराए जा चुके हैं। आपकी अनुमति से मैं उन्हें पठित मान लेता हूं।

देवियों तथा सज्जनों, आपको स्मरण होगा कि सितम्बर, 2011 में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रुप में कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल पश्चात पिछले वर्ष की वार्षिक आम बैठक में मुझे आपको सम्बोधित करने का सम्मान प्राप्त हुआ था। मैं आपके सतत् संरक्षण, प्रोत्साहन तथा समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं तथा नम्रतापूर्वक आपके उस विश्वास तथा असंशय को अभिस्वीकृत करता हूं जो आपने मुझ पर रखा।

वर्ष 2011-12 की समाप्ति कंपनी के सफल वाणिज्यिक प्रचालनों के दो दशकों की द्योतक है। यह कहना अनावश्यक है कि यह यात्रा उस संगठन के लिए उत्साहजनक तथा अद्भुत रही है जिसने अपना मामूली प्रचालन वित्त वर्ष 1992-93 में आरंभ किया था। आपको यह बताते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2011-12 में हमने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार, कंपनी का कारोबार ₹ 10,000 करोड़ को पार करते हुए पंच-अंकीय हो गया तथा निवल लाभ भी पहली बार ₹ 3,000 करोड़ के आंकड़े को पार कर गया जो दृश्यतः सभी की प्रत्याशाओं से कहीं अधिक संवृद्धि का द्योतक है। इसी प्रकार, भौतिक आस्तियों के पक्ष पर, जबकि प्रचालनाधीन उपकेंद्रों की संख्या 150 तक पहुंच गई तथा रूपांतरण क्षमता 100,000 एमवीए के चिन्ह को पार कर गई, पारेषण नेटवर्क इस वर्ष 100,000 सर्किट किलोमीटर को पार करने के लिए तत्पर है।

बदलते व्यवसाय माहौल के साथ कदम मिलाकर चलते हुए, आपकी कंपनी ने इस वर्ष अपनी संकल्पना ''विश्वसनीयता, सुरक्षा और मितव्ययिता सुनिश्चित करते हुए उभरते विद्युत बाजारों में प्रबल नेतृत्व के साथ विश्वस्तरीय, एकीकृत, वैश्विक पारेषण कंपनी'' बनने की निर्धारित की है तथा अपने मिशन तथा उद्देश्य तदनुसार संरेखित किए हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी कंपनी इस ''संकल्पना'' को आपकी सहायता तथा प्रतिबद्ध कार्यबल के समर्पण के साथ साकार करने के लिए भलीभांति तत्पर है।

### निष्पादन विशिष्टताएं

मित्रों, वित्त वर्ष 2011-12 सभी मोर्चों पर आपकी कम्पनी के लिए, बेहतर निष्पादन का वर्ष था।

परियोजना क्रियान्वयन के पक्ष पर, आपकी कंपनी ने अपने विशाल पारेषण नेटवर्क में लगभग **10,600 सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइनों, 15 नए उपकेंद्र को जोड़कर तथा 30,000 एमवीए से अधिक की रूपांतरण क्षमता का वर्धन करके** उत्कृष्ट निष्पादन का प्रदर्शन किया।

प्रचालनात्मक मोर्चे पर, **99.94%** की उच्च उपलब्धता पर अनुरक्षित रखते हुए आपकी कंपनी ने अपने स्वयं के रिकार्डों को पार किया, यह आरम्भण के समय से लेकर अब तक हासिल कम्पनी की उच्चतम उपलब्धता है। इसके अतिरिक्त, प्रति लाइन ट्रिपिंग की संख्या को भी **0.59** के इष्टतम स्तर पर नियंत्रित रखा गया।

वर्ष के दौरान, लगभग ₹ **39,225 करोड़** की अनुमानित लागत पर 43 नई परियोजनाओं के लिए निवेश अनुमोदन प्रदान किए गए। ₹ **14,021 करोड़** का अब तक का सबसे अधिक आस्ति कमीशनिंग कार्य किया गया जो पिछले राजकोषीय वर्ष में ₹ 7,313 करोड़ की तुलना में लगभग दोगुना है। ₹ **17,814 करोड़** का पूंजी निवेश भी किया गया जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 50% की महत्वपूर्ण वृद्धि है।

पहली बार, कंपनी के कारोबार ने पांच अंकों का आंकड़ा पार किया और ₹ **3,255 करोड़** के निवल लाभ के साथ बढ़कर ₹ **10,785 करोड़** हो गया है जो विगत वित्त वर्ष की तुलना में क्रमशः 21% तथा 19% उच्चतर है।

शेयरधारकों के लिए मूल्यवर्धन को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रही है तथा आपकी कंपनी ने घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय, दोनों मोर्चों पर, परामर्शी व्यवसाय में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखा है तथा वर्तमान में लगभग ₹ 19,000 करोड़ की परियोजना लागत वाले 115 घरेलू परामर्शी समनुदेशन निष्पादनाधीन हैं। एक वैश्विक पारेषण कंपनी बनने की ''संकल्पना'' को मूर्त रूप देने के अपने प्रयासों में आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान चार (4) और देशों में व्यवसाय हासिल कर अपना प्रथम कदम वहां रखा है, नामतः म्यांमार, केन्या, इथियोपिया तथा ताजीकिस्तान, इस प्रकार अब इसकी उपस्थिति ग्यारह (11) देशों में हो गई है।

भारत सरकार की राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की पहल के समर्थन में, आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान **9,358** ग्रामों के विद्युतीकरण हेतु अवसंरचना का सृजन किया है तथा गरीबी रेखा से नीचे रह रहे **लगभग 6.783 लाख** परिवारों को सेवा कनेक्शन प्रदान किए हैं।

### प्रौद्योगिकी में अग्रणी

मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि फरवरी, 2012 में मध्य प्रदेश में **बीना में राष्ट्रीय परीक्षण केंद्र** में संचालित परीक्षण प्रभार के साथ **1200 केवी यूएचवी-एसी** का वैश्विक उच्चतम पारेषण वोल्टेज स्तर विकसित करने का सपना साकार हो गया है।

आपकी कंपनी भारतीय विद्युत प्रणाली में उच्च तापमान सुपर कंडक्टर केबल के अनुप्रयोग संबंधी अन्वेषण भी कर रही है क्योंकि केबल के भूमि में सन्निहित होने के कारण मार्गाधिकार मुद्दों पर प्रभावी ढंग से ध्यान देने हेतु अत्यधिक निम्न हानियों के अतिरिक्त यह केबल निम्नतर वोल्टेज पर अति उच्च विद्युत संवहन क्षमता की पेशकश करती है।

एच वी डी सी प्रौद्योगिकी का देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी विकास की दिशा में, आपकी कंपनी ने एच वी डी सी/फैक्टस प्रौद्योगिकी तथा उपकरण विनिर्माण सुविधाओं के विकास के लिए स्वदेशी विनिर्माताओं के साथ मुक्त सहयोगात्मक प्रयास हेतु पहल की है।

### एक राष्ट्र-एक फ्रिक्वेंसी की ओर संचलन

वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान, अंतर-क्षेत्रीय विद्युत अंतर क्षमता में **5,600 मेगावाट** का वर्धन हुआ था। इस वर्ष के वर्धन के साथ, राष्ट्रीय ग्रिड की अंतर क्षेत्रीय विद्युत अंतरण क्षमता बढ़कर 11वीं योजना के अंत में **28,000 मेगावाट** हो गई जो 10वीं योजना में अंत में 14,100 मेगावाट क्षमता की तुलना में दोगुनी है। वर्तमान में, हमारा देश एकीकृत उत्तरी, पश्चिमी, पूर्वी तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय ग्रिडों के साथ विश्व के सबसे बड़े सहचालन ग्रिडों में से एक के रुप में प्रचालन कर रहा है। ''**एक राष्ट्र - एक फ्रिक्वेंसी**'' के स्वप्न को साकार करने की दिशा में बढ़ते हुए, दक्षिणी क्षेत्रीय ग्रिड को 2014 की प्रथम तिमाही तक सहचालन अंतर संयोजन के लिए संकल्पित किया गया है।

### 11वीं योजना की समाप्ति तथा 12वीं योजना का आरंभ

मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी विद्युत क्षेत्र में एकमात्र सरकारी क्षेत्रक उपक्रम है तथा भारत सरकार के कुछेक चुनिंदा सरकारी क्षेत्रक उपक्रमों में से एक है जिन्होंने 11वीं योजना के निवेश लक्ष्य को पूरा किया है/पार किया है। 11वीं योजना के अंत में, आपकी कंपनी ने लगभग ₹ 55,000 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में लगभग ₹ **55,300 करोड़** का पूंजी निवेश किया है। यह 10वीं योजना में किए गए निवेश के लगभग 3 गुणा से भी अधिक है।

आपकी कंपनी ने ₹ 20,000 करोड़ पर सीमित वर्तमान वर्षीय केपेक्स के साथ 12वीं योजना के दौरान ₹ **100,000 करोड़** से अधिक के निवेश की योजना बनाई है। आपकी कंपनी ने उक्त निवेश कार्यक्रम को हासिल करने के लिए एक सुदृढ़ मार्ग रुप रेखा तथा ठोस कार्य योजना लागू की है जिसमें लगभग ₹ 84,000 करोड़ से अधिक मूल्य की परियोजनाओं के लिए निवेश अनुमोदन पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं तथा ₹ 70,000 करोड़ से अधिक मूल्य की परियोजनाओं के लिए संविदाएं प्रदान की जा चुकी हैं।

### पोसोको द्वारा ग्रिड प्रबंधन

ग्रिड प्रबंधन प्रकार्य की देखरेख पावरग्रिड की एक 100% अनुषंगी कंपनी पावर सिस्टम आपरेशन कारपोरेशन लिमिटेड (पोसोको) द्वारा की जा रही है। हमारे सुदृढ़ पारेषण नेटवर्क तथा आधुनिकीकृत आर एल डी सी ने विगत वर्ष में 56 बिलियन यूनिट की तुलना में इस वर्ष इसने देश भर में लगभग **58 बिलियन यूनिट** का अंतर क्षेत्रीय ऊर्जा अंतरण सुकर बनाया है और एस टी ओ ए के तहत, लगभग **67 बिलियन यूनिट** ऊर्जा की अंतर्ग्रस्तता वाले **24109 लेनदेनों** को अनुमोदित किया गया। इसके परिणामस्वरुप तटस्थल बिजली बाजार मूल्य तीन से चार वर्षों की अवधि में ₹ 8-10 से घटकर ₹ 3-4 रह गया है।

प्रिय मित्रो, भारतीय पावरग्रिड को पिछले कई वर्षों के दौरान किसी प्रमुख ग्रिड अस्तव्यस्तता का सामना नहीं करना पड़ा था। तथापि, विद्युत ग्रिड को 30 जुलाई तथा 31 जुलाई 2012 को निरंतर दो प्रमुख अस्तव्यस्तताओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, प्रथम अस्तव्यस्तता ने केवल उत्तरी क्षेत्र को प्रभावित किया, दूसरी विफलता का प्रभाव सम्पूर्ण उत्तर, पूर्वी तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों पर पड़ा। फिर भी, अनिवार्य विद्युत भार को घटनाओं के 2-3 घंटों के भीतर ही बहाल कर दिया गया जो अंतर्राष्ट्रीय रुप से की गई अब तक की सबसे तीव्रतम बहाली है तथा विद्युतापूर्ति को घटनाओं के ही दिन पूर्णतया सामान्य कर दिया गया। तथापि, अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली पर प्रभावी नियंत्रण तथा पर्यवेक्षण के लिए, हम विद्युत अधिनियम, 2003 तथा भारतीय विद्युत ग्रिड कोड के समनुरूप समस्त संभव सुधारात्मक उपाय यह सुनिश्चित करने के लिए कर रहे हैं कि ऐसी घटनाओं की भविष्य में पुनरावृत्ति न हो। हमने लोड शेडिंग प्रोटोकोल के लिए विशेष संरक्षण योजना जैसे प्रक्रम तैयार किए हैं तथा उपयोगिताओं/जेनरेटरों को प्रणाली की प्रायिकता के बावजूद समय-अनुसूची के अनुसार विद्युत का आहरण/सन्निवेशन करने की आवश्यकता के बारे में सुग्राही बनाया गया है जो ग्रिडों के एकीकृत सुरक्षित प्रचालन के लिए एक पूर्वापेक्षा है। आपकी कम्पनी ग्रिड के एक विफलता-रोधी तथा विश्वसनीय प्रचालन के लिए ग्रिड सुरक्षा विशेषज्ञ प्रणाली की स्थापना हेतु कार्य भी कर रही है। उच्चतर ग्रिड सुरक्षा का अनुरक्षण करने की दिशा में, ग्रिड प्रायिकता बैंड को सीईआरसी (भारतीय विद्युत ग्रिड कोड) (प्रथम) विनिमय संशोधन तथा सीईआरसी (यूआई परिवर्तन तथा संबंधित मामले) (द्वितीय संशोधन) विनियमों के क्रियान्वयन के साथ 17 सितम्बर 2012 के 00.00 घंटों से 49.5-50.2 हर्टज़ से और कठोर कर 49.7-50.2 हर्टज़ कर दिया गया है।

### दूरसंचार व्यवसाय

आपकी कंपनी का वर्तमान में लगभग 25000 किलोमीटर का अखिल भारत ब्रांड बैंड दूरसंचार नेटवर्क है जिसके देश भर में 200 से अधिक शहरों तथा नगरों को जोड़ने वाले अंतर-शहर अभिगम नेटवर्कों तथा बैकबोन के लिए बहुल स्व-समुत्थनशील छल्लों के साथ 2-3 वर्षों में दोगुना हो जाने की संभावना है। विषम मौसम के बावजूद, दूरसंचार उद्योग में दूरसंचार व्यवसाय का कुल बही आदेश विगत वर्ष में ₹ 650 करोड़ से बढ़कर ₹ **1,050 करोड़** हो गया जो 62% की वृद्धि का द्योतक है।

आपकी कंपनी भारत सरकार की दो सम्मानित परियोजनाओं **राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन)** तथा **राष्ट्रीय आप्टिकल फाईबर नेटवर्क (एनओएफएन)** के साथ भागीदारी कर रही है। एन के एन परियोजना पहले ही क्रियान्वयनाधीन है तथा इसने पिछले वर्ष लगभग ₹ 45 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। आपकी कंपनी एन ओ एफ एन के तहत विजाग (आंध्र प्रदेश) में एक प्रायोगिक परियोजना निष्पादित कर रही है।

### नवीन पहल/घटनाक्रम

आपकी कम्पनी ने अपने संसाधनों का भिन्न रुप से प्रयोग करने हेतु पहल की है तथा सफलता के लिए नए स्तर स्थापित करने के लिए सांस्थानिक सीमाओं के पार कार्य कर रही है।

### प्रचालनात्मक उत्कृष्टता में लम्बे कदम

आपकी कंपनी अब विभिन्न उपकेंद्रों का सुदूरवर्ती तथा वस्तुतः मानवयुक्त केन्द्रीकृत प्रचालन करने के लिए आधुनिकतम तथा पूर्णतया स्वचालित ''**राष्ट्रीय पारेषण आस्ति प्रबंधन केंद्र (एन टी ए एम सी)**'' की स्थापना के जरिए अपनी सुविधाओं के प्रचालन में एक ऊंची उछाल के लिए तत्पर है। यह न केवल जनशक्ति तथा संसाधनों के इष्टतम उपयोग में सहायक होगा बल्कि दोष तथा खराबी के मामले में बहाली संबंधी कार्रवाई समय को भी कम करेगा।

संपूर्ण देश में फैली विशाल पारेषण अवसंरचना की सुचारूता का आकलन करने के उद्देश्य से, **हेलीकॉप्टरों** का प्रयोग कर परीक्षण आधार पर पारेषण लाइनों की हवाई पैट्रोलिंग लगभग 800 किलोमीटर पारेषण लाइनों के लिए की जा रही है जिसके लिए संविदा प्रदान कर दी गई है।

### स्मार्ट ग्रिड समाधान

स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी समाधानों के जरिए विद्युत क्षेत्र में दक्षता, विश्वसनीयता तथा सम्पोषणीयता लाने के लिए उत्पादन, पारेषण तथा वितरण में विरतण प्रणाली के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के एकीकरण के जरिए एंड टू एंड बुद्धिमतापूर्व द्विमुखी परिदाय प्रणाली को सुकर बनाएगा।

इस दिशा में, आपकी कंपनी पुडुचेरी में इन क्षेत्रों में 63 संगठनों के साथ मुक्त सहयोग के जरिए एक प्रायोगिक स्मार्ट ग्रिड/शहर का विकास कर रही है।

पडुचेरी की प्रायोगिक परियोजना के अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने फिरोजाबाद, बिधूना, शिकोहाबाद, कानपुर, कटरा, पुरी, मुज्जफरपुर, गुलमर्ग, चारारे-शरीफ इत्यादि जैसे नगरों के लिए विद्युत वितरण संबंधी स्मार्ट ग्रिड समाधानों के अनुप्रयोग पर परियोजना रिपोटें भी तैयार की हैं।

### प्रतिस्पर्धी रूप से परियोजनाएं हासिल करना

मित्रों, जैसाकि आपको ज्ञात है, प्रशुल्क आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टी बी सी बी) को भारत सरकार ने 5 जनवरी, 2011 से अंतर राज्य पारेषण क्षेत्र के लिए अनिवार्य बना दिया है और मुझे आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि आपकी कंपनी ने दोनों पारेषण परियोजनाएं हासिल कर ली है जो जनवरी, 2011 के पश्चात, टी बी सी बी के तहत आमतित की गई है।

### प्रतिस्पर्धी लाभ के लिए पश्च-गामी एकीकरण

आपकी कंपनी का इरादा पश्चगामी एकीकरण के लिए बृहत् पारेषण उपकरण के विनिर्माण हेतु कच्ची सामग्री के प्रमुख उत्पादकों के साथ संयुक्त उद्यम कंपनियों का निर्माण करने का है। इस दिशा में, आपकी कंपनी ने नेशनल अल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।

### सम्पोषणीय विकास - भावी संवृद्धि के लिए मंत्र

बढ़ते प्रदूषण के कारण पर्यावरणीय अवक्रमण तथा जलवायु परिवर्तन के निरंतर बढ़ते खतरे के साथ, संवृद्धि को हासिल करना तथा उसे बनाए रखना आज एक प्रमुख चिंता का विषय है। मित्रों, हमें अपनी भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर एवं सुरक्षित विश्व की व्यवस्था करनी है। एक उत्तरदायी कारपोरेट निकाय के रूप में आपकी कंपनी अपने दायित्व समझती है तथा स्थायी विकास के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है।

### ऊर्जा दक्षता

आपकी कंपनी ने वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में ऊर्जा दक्षता तथा संरक्षण उपायों जैसे क्रियाकलाप तथा सम्पोषणीय विकास परियोजनाएं शुरू करने के लिए समर्पित एक ऊर्जा कुशलता विभाग की स्थापना की है। वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य ऊर्जा निरीक्षण तथा दक्षता सुधार संबंधी भारत सरकार की नीति को ध्यान में रखते हुए आपकी कम्पनी ने अर्हक, उच्च अनुभव प्राप्त वैद्युत इंजीनियरों के विशाल पूल के उपलब्ध संसाधनों के साथ इस क्षेत्र में अच्छे व्यवसाय अवसर की परिकल्पना की है। यह उद्यम इस क्षेत्र में एक सामरिक स्थिति हासिल करने में हमारी मदद करेगा।

### शून्य कार्बन पदचिन्ह की ओर

आपकी कम्पनी शून्य कार्बन पदचिन्ह की दिशा में काम कर रही है। कई पहलशक्तियां जैसे कि कागज पुनः चक्रण संयत्र की स्थापना, 1.55 लाख से अधिक पेड़ों की पौंधरोपाई, ''राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान'' आदि शुरु किए गए हैं।

### विद्युत क्षेत्र की समावेशी संवृद्धि

उभरते विद्युत बाजारों में प्रबल नेतृत्व ग्रहण करने की आपकी कम्पनी की "संकल्पना" के मद्देनजर, आपकी कम्पनी उप-पारेषण (अंतर राज्य) और विद्युत बाजार की पुनआकृति हेतु वितरण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आपकी कंपनी क्षमता निर्माण तथा उन्नत/नवीन प्रौद्योगिकियों के क्रियान्वयन में देश भर की राज्य पारेषण/वितरण उपयोगिताओं को अपना समर्थन प्रदान कर रही है। आपकी कम्पनी ने संयुक्त उद्यमों के जरिए अंतर-राज्य पारेषण प्रणाली के विकास के लिए अनेक राज्यों से बातचीत शुरु की है। इसके अतिरिक्त, आपकी कंपनी ने विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के समनुरूप वितरण प्रणाली, जो संपूर्ण विद्युत आपूर्ति श्रृंखला में राजस्व वसूली खंड है, के निष्पादन सुधार वितरण ''तार व्यवसाय" को ''विद्युत आपूर्ति तथा कारोबार'' क्रियाकलाप से पृथक करने के प्रचार में अग्रणी भूमिका ग्रहण कर ली है ताकि एक वाणिज्यिक रुप से जीवक्षम तथा विश्वसनीय वितरण प्रणाली सुनिश्चित हो तथा वितरण प्रणाली में मुक्त अभियान को साकार किया जा सके। इसके अतिरिक्त, आपकी कम्पनी का इरादा प्रबंधन संविदा के माध्यम से वितरण मंडलों के प्रचालनात्मक प्रबंधन तथा साथ ही वितरण तार व्यवसाय को शुरु करके ए टी एवं सी हानियों, में सुधार आउटेज दर में अपचयन, गुणता तथा विश्वसनीयता में सुधार, स्मार्ट ग्रिड को क्रियान्वित करने का है। इससे एक तरफ जोखिम साझेदारी सुनिश्चित होगी तथा दूसरी ओर दोनों खंडों की वाणिज्यिक जीवक्षमता हासिल होगी। इस दिशा में कुछ वितरण उपयोगिताओं के साथ वार्ता शुरु की गई है।

### हरित ऊर्जा गलियारों का विकास

ग्रिड के साथ नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के एकीकरण को संपूर्ण विश्व में शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है ताकि ऊर्जा सुरक्षा तथा साथ ही कार्बन निस्राव अपचयन हासिल किया जा सके। हमारे देश में हरित ऊर्जा का दोहन करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वर्धन के क्षेत्र में विभिन्न पहले कर रही है तथा 12वीं योजना में लगभग 40,000 मेगावाट के उत्पादन का लक्ष्य है। आपकी कंपनी ने अग्रणी पहल की है तथा लगभग ₹ **43,000 करोड़** की अनुमानित लागत पर **हरित ऊर्जा गलियारों** के जरिए ग्रिड में देश व्यापी अविर्भावी नवीकरणीय स्रोतों के एकीकरण के लिए 12वीं योजना में एक मास्टर योजना का विकास किया है।

### नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों (आर ई सी) 2.7 मिलियन अंक को छुआ

राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र आर ई सी का क्रियान्वयन करने के लिए नोडल एजेंसी है तथा इसने डेढ़ वर्ष की लघु अवधियों में लगभग 2.7 मिलियन आरईसी को सूचीबद्ध कर लिया है।

### मानव संसाधन पर नवीकृत संकेन्द्रण

प्रिय शेयरधारकगण, आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी माहौल में मानव संसाधन किसी भी संगठन के लिए उत्कृष्टता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमि का निर्वहन करता है। आपकी कम्पनी अपने कर्मचारियों के समग्र विकास के लिए कार्य हेतु सर्वोत्तम स्थल की व्यवस्था में विश्वास रखती है।

आपकी कम्पनी ने सदैव भावीनेतृत्व का पोषण किया है और गुड़गांव के निकट मानेसर में ''**पावरग्रिड अकादमी ऑफ लीडरशिप**'' नामक आधुनिकतम मानव संसाधन विकास केंद्र की स्थापना कर रही है।

### नैगम अभिशासन

आपकी कंपनी अभिशासन के उच्चतम स्तरों को कायम रखने तथा सभी पणधारकों के लिए उच्चतर मूल्य सृजन का परिशीलन करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के लिए कारपोरेट अभिशासन के दिशानिर्देशों/सूचीयन करार में यथा निर्धारित कारपोरेशन अभिशासन की शर्तों का, कुछेक स्वतंत्र निदेशकों की भर्ती को छोड़कर, अनुपालन किया है।

### नैगम सामाजिक दायित्व

वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान, अवसंरचना स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण तथा आजीविका के क्षेत्रों में 400 से अधिक सी एस आर परियेजनाओं के क्रियान्वयन पर लगभग ₹ 25 करोड़ का व्यय किया गया था।

### अभिस्वीकृति

इस घटनापूर्ण तथा सफल वर्ष की समाप्ति पर मैं आपको, जो हमारे सम्मानित शेयर धारक हैं, आपके सतत तथा बहुमूल्य समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे विश्वास है कि आप सदैव हमें इसी प्रकार सहयोग देते रहेंगे जिस प्रकार विगत वर्षों में आपने हमारा साथ दिया है। मैं भारत तथा विदेशों में अपने ग्राहकों के प्रति भी उनकी निष्ठा, संरक्षण तथा विश्वास के लिए आभार प्रकट करता हूं जो कम्पनी के निष्पादन को सुधारने में सदैव एक प्रेरणा स्रोत रहे।

मैं इस अवसर पर भारत सरकार, विशेषकर विद्युत मंत्रालय, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, वित्त मंत्रालय, योजना आयोग, लोक उद्यम विभाग, सांख्यिकीय और कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय, दूरसंचार एवं अन्य विभागों, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण, क्षेत्रीय विद्युत समितियों, सांविधिक लेखापरीक्षकों, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, विभिन्न राज्य विद्युत उपयोगिताओं तथा विभागों और हमारे भागीदारों के प्रति कम्पनी में उनके विश्वास तथा समर्थन के लिए हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

मैं निदेशक मंडल में शामिल अपने साथियों का एक अत्यधिक उच्च प्रतिस्पर्धी व्यवसाय भू-दृश्य में कंपनी को मार्गदर्शित करने में उनके परामर्श तथा सहायता के लिए उनका धन्यवाद करता हूं। विशेष रूप से, मैं स्वतंत्र निदेशकों को अपने कार्यकाल के दौरान अपने विविधीकृत अनुभव से हमें लाभान्वित करने तथा बहुमूल्य निविष्टिकरण तथा सहायता प्रदान करने के लिए उनका धन्यवाद करना चाहूंगा।

बोर्ड की ओर से, तथा व्यक्तिगत रूप से अपनी ओर से अत्यंत नम्रतापूर्वक, मैं, अपने कर्मचारियों के समर्पण, प्रतिबद्धता तथा अथक प्रयासों को एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा प्रदत्त पृष्ठांत सहायता को अभिस्वीकृत करता हूं जिन्होंने निष्पादन तथा उपलब्धियों की इन गौरवशाली ऊंचाईयों तक पहुंचने में कंपनी की सहायता की है।

आपकी कंपनी अपने सभी प्रयासों में उत्कृष्टता रहने के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दोहराती है तथा '**अग्र कार्यक्षेत्र**' की ओर बढ़ते हुए आप के सतत समर्थन तथा प्रोत्साहन पर निर्भर है।

देवियों तथा सज्जनों, धन्यवाद।

**जय हिन्द**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 19 सितंबर 2012**

**(आर. एन. नायक)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

यह 23वीं वार्षिक आम बैठक की कार्रवाई का उद्घोषित रिकार्ड नहीं है। पूर्ण पाठ के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.powergridindia.com देखें।




**पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालयः बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली – 110 016
क्षेत्रीय कार्यालयः ''सौदामिनी'', प्लॉट नं. 2, सेक्टर–29, गुड़गांव, हरियाणा – 122 001
पावरग्रिड
www.powergridindia.com




**स्मार्ट ग्रिड समाधान प्रदाता**


Adfactors/124